## सार समाचार

### जगतगुरु रामभद्राचार्य का नगर आगमन आज

**गंजबासौदा।** जगतगुरु तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य का नगर आगमन हो रहा है इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है नौलकी मंदिर से यह शोभायात्रा मिल रोड होते हुए नेहरू चौक से जय स्तंभ होते हुए गंतव्य स्थल हथोड़ा सिरावदा के मध्य भूमि पर पहुंचेगी महंत जगतगुरु रामभद्राचार्य के श्री मुख से राम कथा श्रवण होगी इस कथा का आयोजन हथोड़ा और सिरावदा गांव के मध्य परिसर में होगी जहां यह आयोजन 21 तारीख तक चलेगा।

### इंदौर में भगवान खाटू श्याम की भजन संध्या आज

**इंदौर।** शहर में अपनी दिव्य आवाज से भक्ति का पवित्र भाव जगाने के लिए विश्वविख्यात भजन सम्राट वर्ल्ड अमेजिंग टैलेंट अवार्ड से सम्मानित, गुजरात के विख्यात भजन गायक कीर्तिदान गढवीआ रहे है । भजन गायक कीर्तिदन गढवी जी अपनी सुरीली और मधुर आवाज के लिए देश भर मे विख्यात है, आज इंदौर में बाबा खाटू श्याम के भजन गाकर भक्ति रस की गंगा बहाएंगे। यह धार्मिक आयोजन इंदौर के विधानसभा क्षेत्र 2 में एमआईसी सदस्य जीतू यादव जी एवं विधायक रमेश मेंदोला मित्र मंडल के तत्वाधान में शहीद ज्ञानसिंह परिहार तिराहा, कनकेश्वरी माता मंदिर रोड, पर 14 मई रात्रि 8 बजे से आरंभ होगा।

# अधिकारियों ने निर्माणाधीन अमृत सरोवर तथा पुष्कर धरोहर का किया निरीक्षण



**रायसेन।**

**भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मप्र शासन के अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव तथा आयुक्त मनरेगा श्री कृष्ण चैतन्य द्वारा सांची जनपद के ग्राम सिलपुरी में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया।**

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया ने अवगत कराया कि इस अमृत सरोवर तालाब की क्षमता 12 हजार क्यूबिक घन मीटर है। इस तालाब का निर्माण हो जाने के बाद इसमें सिंघाड़ा उत्पादन किया जाएगा। साथ ही सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध हो सकेगा। सचिव श्री सिंह तथा अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव ने समय सीमा में अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा। उन्होंने सिलपुरी में ही पुष्कर धरोहर के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया। इस प्राचीन तालाब का मनरेगा योजना से जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इस प्राचीन तालाब से पानी रिसाव हो रहा था, जिसे ठीक कर दिया गया है तथा अभी पिचिंग का कार्य किया जा रहा है। इस तालाब में मछली पालन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भदौरिया ने ग्राम पंचायत में किए जा रहे अन्य विकास और निर्माण कार्यो तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान एसआरएलएम के प्रभारी श्री एमएल बेलदार, मनरेगा प्रभारी श्री अखिलेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जीपीएफखाते के लिए आवेदन आमंत्रित

**विदिशा ( निप्र )।** प्रधान महालेखाकार कार्यालय-लेखा एवं हकदारी ग्वालियर ने एक जनवरी 2005 से पूर्व के ऐसे शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों से आवेदन करने का आग्रह किया है, जिनको सामान्य भविष्य निधि खाता क्रमांक आवंटित नहीं किया गया है। ऐसे सभी अधिकारी, कर्मचारी खाता क्रमांक आवंटित करने और खाते में सुधार संबंधी आवेदन पत्र अपने विभाग से सत्यापित करा कर संपूर्ण विवरण सहित एजी एमपी के कार्यालयीन व्हाट्सएप नंबर 8827409410 पर भेज सकते हैं।

## जीपीएफ श्रेणी कर्मचारियों की जानकारी 18 तक उपलब्ध कराएं

**विदिशा (निप्र)।**

जिला कोषालय अधिकारी उमेश श्रीवास्तव ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर उनसेऐसे विभागीय कर्मचारी जो डीपीएफ श्रेणी में शामिल है उनकी बैंलेस अपडेशन की जानकारी निर्धारित प्रपत्र की दोनो तालिकाओं में बिन्दुवार अंकित कर 18 मई तक जिला कोषालय को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

उमेश श्रीवास्तव ने कोष एवं लेखा आयुक्त द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए बताया है कि डीडीओ द्वारा डीपीएफ बैंलेस त्रुटि पूर्ण अपडेट कर अनाधिकृत डीपीएफ आहरण की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से डीपीएफ श्रेणी के शासकीय सेवकों के डीपीएफ बैंलेस अपडेट करने की सुविधा कोषालय अधिकारी की लागिंग पर उपलब्ध कराई गई है। अत: डीपीएफ खाते के ब्याज पत्रक विभागाध्यक्ष की ओर भेजने तथा माह मई के वेतन के देयक के साथ पूर्व वित्तीय वर्ष का ब्याज पत्रक जो विभागाध्यक्ष को भेजा गया है कि संबंध में प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### नामदेव धर्मशाला का हुआ लोकार्पण

**गंजबासौदा।** नामदेव विकास समिति के तत्वावधान में विधायक निधि से प्राप्त राशि से नामदेव समाज की धर्मशाला के प्रथम मंदिर का लोकार्पण के मुख्य अतिथि श्रीमती लीना संजय जैन, नपा अध्यक्ष शशि यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेंद्र रघुवंशी, समाजसेवी कांति भाई शाह के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर मध्य प्रदेश नामदेव समाज के वरिष्ठ गण एवं स्थानीय सौजाति बंधु व समाज के वरिष्ठ जन ट्रस्टी गण दानदाताओं का सम्मान किया गया।



# कर्नाटक चुनाव में कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस कार्यालय में मनाया जीत का जश्न

**सीहोर।**




दक्षिण भारत के प्रमुख राज्य कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के परिणाम कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने पर आज जिला कांग्रेस कार्यालय नया बस स्टेण्ड सीहोर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ जीत की खुशी का इजहार किया गया सभी ने एक दूसरे को मीठाई खिलाकर बधाई दी। आज सुबह जैसे ही कर्नाटक के परिणाम आना शुरु हुए वैसे जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं का जमघट लगने लगा था। सभी कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाईयाँ दे रहे थे और ढोल ढमाके के साथ जीत का जश्न मनाते हुए कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद तथा बजरंग बली की जयघोश के साथ नारे लगा रहे थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर के नेतृत्व में सभी कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम बस स्टेण्ड स्थित बजरंगबली बब्बा के समक्ष माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय में ऐवरेस्ट विजेता तथा पर्वतारोही सुरी मेघा परमार ने कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि परिवर्तन ही प्राकृति का नियम है और इसकी शुरुआत कर्नाटक से हो चुकी है।

## कांग्रेस ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**शाजापुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई ऐतिहासिक जीत पर शाजापुर जिला मुख्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के द्वारा जश्न मनाकर आतिशबाजी की गई। शनिवार को कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम घोषित हुए जिसमें कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत मिली, इस पर शाजापुर जिला मुख्यालय बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के द्वारा आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई। साथ ही पूरे शहर में विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी। जनता अब नफरत की राजनीति नही चाहती है जिसका उदाहरण कर्नाटक में कांग्रेस की जीत है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर जश्न मनाया

**नागदा।** कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की एकतरफा जीत पर शहर कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधायक दिलीपसिंह जी गुर्जर के नेतृत्व में आतिशबाजी व जुलुस निकाल कर जीत का जश्न मनाया गया।



इस अवसर पर विधायक गुर्जर ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा है कि यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओ व आम जनता की मेहनत की जीत है।

इस मौके पर विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों सरनामसिंह चौहान, गोविन्द मोहता, लोकुमल खत्री, कल्याणसिंह कुशवाह, अययुब कामरेड आदि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधे जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नागदा ग्रामीण अध्यक्ष धारासिंह सूरेल, रघुनाथसिंह ठाकुर, निशा चौहान, पार्षदगण प्रमोदसिंह चौहान, विशाल गुर्जर, आसिफ हुसैन, अब्दुल शरीफ, संदीप चौधरी, मेघा धवन, विक्रम शेखावत, राजकुमार राठौर, वासुदेव चौहान, लोकेश चौहान, नरेन्द्र गुर्जर, कमल शर्मा, विनयराज शर्मा, मनोज राठी, कालुसिंह चावडा, सुभाष बैरागी, बल्लु गुर्जर, अमित राठौर, रणजीत गुर्जर, निलेश गुर्जर, मोहम्मद रंगरेज, जगदीश मिमरोट, कमलेश चावण्ड, अजय शर्मा, प्रकाश गुर्जर, किशोर सेठिया, सुरेश उपाध्याय, भययु गुर्जर आदि उपस्थित थे।

## राजीनामे का अवसर पाकर खुश दिखे पक्षकार आपसी सहमति से हुआ मामलों का निपटारा



**औबेदुल्लागंज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायसेन के निर्देश पर शनिवार को गौहरगंज न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यहां राजीनामे का सुनहरा अवसर पाकर पक्षकार भी खुश दिखे और कोर्ट में सैकड़ों प्रकरणों का निपटारा पक्षकारों ने सहमति से के साथ किया। सुबह लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ओपी रघुवंशी ने सरस्वती पूजन के साथ किया। इस मौके पर मजिस्ट्रेट प्रिंसी अग्रवाल, मजिस्ट्रेट गौरव अग्रवाल, मजिस्ट्रेट अतुल बिल्लोरे, मजिस्ट्रेट प्रिती अग्रवाल आदि ने भी नेशनल लोक अदातल का शुभारंभ कर शाम तक पक्षकारों को सुना और दोनों पक्षकारों की सहमति से प्रकरणों का निपटारा किया गया। पक्षकार भी राजीनामे का सुनहरा अवसर पाकर खुश दिखे। नेशनल लोक अदालत में चैक बाउंस, दुर्घटना, बैंक, राजस्व आदि सैकड़ों मामलों का निपटारा किया गया।

### आकाश 5 दिवसीय विदेश यात्रा पर 18 मई को तुर्की होंगे रवाना

**रायसेन।** वित्तीय सत्र 2022-23 में कान्टेस्ट में क्वाली फाई एवं उच्चतम कार्य करने पर एच.डी. एस.सी. लाइफ के द्वारा आकश रघुवंशी आत्मज कमल सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम कांठ को 5 दिवसीय विदेश यात्रा इस्तावुल तुर्की में एच.डी.एफसी लाइफ के द्वारा विदेश यात्रा पर भेजा जा रहा हैं। आकाश रघुंवशी के द्वारा लाइव कम्पनी में उत्कृष्ट कार्य करने पर उनको 18 मई को तुर्की में 5 दिवसीय यात्रा पर भेजा जा रहा है। और आकाश रघुवंशी 5 दिवसीय तुर्की में रहकर लाइफकम्पनी के बारे में ज्यादा से ज्यादा अनुभव प्राप्त करने के उपरान्त बापसी पर यह तुर्की से बापिस आने पर रायसेन जिले में तुर्की के अनुभवों को साझा करते हुए कार्य करेंगे। आकाश रघुवंशी का चयन तुर्की पर होने पर उनके मित्रगणों ने उनको बधाई और शुभकामनाऐं प्रदान की है।



### जिले को मिले 8 चलित पशु चिकित्सा वाहन

**विदिशा ( निप्र )।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गौ-रक्षा संकल्प सम्मेलन एवं 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयों का लोकार्पण भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में किया है। गौरक्षा संकल्प सम्मेलन कार्यक्रम में विदिशा जिले के 411 हितग्राही बसों से भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। विदिशा जिले हेतु कुल 8 चलित पशु चिकित्सा इकाई का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। प्रदाय किए गए वाहनों को मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर विदिशा जिले के लिए रवाना किया गया। ये वाहन जिले के सभी विकासखंडों में पहुंचेंगे।

## ग्राम हतोड़ा में 251 कुंडीय महायज्ञ प्रारम्भ

**गंजबासौदा।** ग्राम हतोड़ा के प्राचीन हनुमान मंदिर के महंत राजा महाराज के मार्गदर्शन में 251 कुंडीय श्रीराम यज्ञ प्रारम्भ हो गया है जिसमें 251 यजमान विश्व कल्याण के लिए आहुति कर रहे हैं7 251 कुंडीय श्रीराम यज्ञ आचार्य पंडित संतोष शास्त्री, मुन्ना लाल शास्त्री, अरविंद अवस्थी के मार्गदर्शन में चल रहा है7

इसी क्रम में प्रति दिन एक घण्टे अध्यात्म प्रवचन कर रहे नौलखि खालसा के महंत राममनोहर दास जी ने विवाह पंचमी का वर्णन किया व्यास गादी से महाराज ने कहा कि श्रीपंचमी भगवान के विवाह की पंचमी है। विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि इतिहास में हुए उस पुनीत कार्य को हमें वर्तमान में उसे स्मरण कर आनंद लेना चाहिए।

यज्ञ के मुख्य यजमान संतोष शास्त्री ने बताया कि यज्ञ के मुख्य आयोजक राजा महाराज द्वारा अग्नि देवता का आह्वान किया गया व अग्नि मंथन कर अग्नि प्रकट की गई। श्री शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक यजमान प्रति दिन करीब 1750 आहुति करेगा इसी प्रकार कुल 251 यजमान को मिला लिया जाए तो प्रतिदिन यज्ञ में 437501 आयहुतियाँ दी जाएंगी।

# कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई श्रीराम कथा

**सीहोर।** श्रीराम कथा हमें अनुशासन और मर्यादा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। उक्त विचार शहर के गीता मानस भवन में शुक्रवार से गीता मानस समिति के तत्वाधान में आरंभ हुई नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पहले दिन संत उद्धावदास महाराज ने कहे।

शुक्रवार को पहले दिन शाम को भव्य कलश यात्रा गीता मानस भवन से आरंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची और उसके पश्चात यहां पर विधि-विधान से कथा का आरंभ किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कथा के पहले दिन श्रीराम कथा के बारे में विस्तार से बताया इस मौके पर संत श्री उद्धवदास महाराज ने कहा कि मानव जीवन हमें हमारे पुण्य से मिला है, मनुष्य को इसका सदुपयोग करना चाहिए और राम नाम का जप करते हुए अपने लोक व परलोक को सुधारना चाहिए। कलियुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा राम नाम ही है। प्रवचन के दौरान महाराज ने कहा कि हमें अपने दाम्पत्य जीवन में गंभीर होना चाहिए। पति-पत्नी, भाई- बहन, भाई-भाई का प्रेम, पिता-पुत्र, सास-बहु सभी को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। रामायण हमें मर्यादा सिखाती है। इस संबंध में जानकारी देते हुए गीता मानस समिति के अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया ने बताया कि नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ गीता मानस भवन में रात्रि आठ बजे से किया जा रहा है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण करने की अपील की है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### कर्नाटक में कांग्रेस...

रहे थे। भाजपा को 64 सीटों पर विजय मिली थी और एक सीट पर उसका प्रत्याशी आगे था। इस तरह भाजपा 2018 के चुनाव वाला प्रदर्शन दोहराने में विफल रही है,जबकि पार्टी 104 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल बनी थी। इस चुनाव में देवगौड़ा परिवार के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) को भी करारा झटका लगा है और उसकी सीटें तथा वोट हिस्सेदारी काफी कम हुई है। आयोग के अनुसार जेडीएस को 14 सीटों पर जीत मिल चुकी है और छह सीटों पर उसकी बढ़त है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 और जेडीएस को 37 सीटें मिली थीं। दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार सफल हुए हैं। कल्याण राज्य प्रगति पक्ष को एक सीट मिली है और एक सीट सर्वोदय कर्नाटक पक्ष के खाते में गयी है। मतगणना के रुझानों के अनुसार कांग्रेस को कुल मत में 42.89 प्रतिशत, भाजपा को 35.99 प्रतिशत, जेडीएस को 13.30 प्रतिशत वोट मिले थे। वर्ष 2018 में कुल पड़े मतों में कांग्रेस को 38.14 प्रतिशत, भाजपा को 36.35 प्रतिशत और जेडीएस को 16.3 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने पार्टी की इस जीत को कर्नाटक की जनता की जीत बताते हुए कहा है कि आगे दूसरे राज्यों में भी इसी तरह के नतीजे आएंगे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने चुनाव परिणाम पर खुशी जताते हुए उम्मीद जतायी है कि अगले साल आम चुनाव में विपक्षी दल एकजुट होंगे तथा कांग्रेस नेता राहुल गाँधी प्रधानमंत्री बनेंगे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने कहा है कि वह जनता के फैसले का स्वागत करते हैं और विपक्ष की भूमिका निभायेंगे। येदियुरप्पा ने कहा की कार्यकर्ताओं को दुखी होने की जरूरत नहीं है, घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हार-जीत भाजपा के लिए बड़ी बात नहीं है, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर मंथन करेंगे। कर्नाटक विस चुनाव में कई दिग्गजों को जीत और कई प्रमुख नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शिगगांव सीट पर कांग्रेस के पठान यासिर हमेद खान को करीब 36 हजार वोट से हराया। बोम्मई को 100016 और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी खान को 64,038 वोट मिले। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी सिद्दारमैया ने वरुण सीट से भाजपा के मंत्री वी सोमना को करीब 46 हजार से अधिक वोट से मात दी। सिद्दारमैया को 1,19,816 और सोमना को 73,653 वोट मिले। कनकपुरा सीट से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने भाजपा के आर अशोक को 1.24 लाख वोट के भारी अंतर से हराया। शिवकुमार को 1,43,023 और अशोक को 19753 वोट मिले। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र एवं कांग्रेस उम्मीदवार प्रियांक खड़गे ने चित्तपुर सीट से भाजपा के मणिकांत राठौर को करीब 11 हजार वोट से शिकस्त दी। प्रियांक को 81,323 और राठौर को 67,683 वोट मिले। पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत समाज के बड़े नेता बी एस येदियुरप्पा के पुत्र एवं भाजपा उम्मीदवार विजयेंद्र येदियुरप्पा ने शिकारीपुरा सीट पर निर्दलीय नागराज गौड़ा को करीब 11 हजार वोट से हराया। विजयेंद्र को 81,810 और उनके प्रतिद्वंदी को 70,802 वोट मिले। कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरजेपीपी) के अध्यक्ष जी जनार्दन रेड्डी ने गंगावती सीट से कांग्रेस के इकबाल अंसारी को आठ हजार से अधिक वोट से मात दी। रेड्डी को 66,213 और अंसारी को 57,947 वोट मिले। विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी सिरसी सीट से कांग्रेस के भीमन्ना टी नाइक से आठ हजार से अधिक वोट से हार गए। नाइक को 76,887 और हेगड़े को 68,175 वोट मिले। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार हुबली-धारवाड़ सेंट्रल सीट से चुनाव हार गए ।

### जीत से नफरत का ...

का बाजार बंद हुआ। और मोहब्बत की दुकान खुली है। उल्लेखनीय है कि श्री गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा में मोहब्बत की दुकान वाली बात बार-बार कही थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हमने कर्नाटक में नफरत से नहीं, बल्कि प्यार से और दिल खोलकर लड़ाई लड़ी और कर्नाटक की जनता ने दिखा दिया कि देश को मोहब्बत अच्छी लगती है।

### यूपी नगर निगम चुनाव...

दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी को 77456 और सपा प्रत्याशी को 41831 मत प्राप्त हुए हैं। इसी तरह नगर निगम के 60 वार्डों में 27 पार्षद भाजपा के और 17 समाजवादी पार्टी के,10 निर्दल तथा तीन बसपा, एक आम आदमी पार्टी, एक पीस पार्टी तथा एक रालोद प्रत्याशी विजयी घोषित हुए हैं। नगर निगम अयोध्या में पहली बार आम आदमी पार्टी का पार्षद विजयी हुए हैं। कानपुर में भाजपा की प्रमिला पांडेय ने सपा की वंदना वाजपेयी को हराया जबकि अलीगढ में भाजपा के प्रशांत सिंघल विजयी हुये। मेरठ में हरिकांत अहलूवालिया और झांसी में बिहारी लाल आर्य ने भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज की। शाहजहांपुर 17वें नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अर्चना वर्मा पहले राउंड से ही अपनी बढ़त जारी रखते हुए अंतिम राउंड में काग्रेस प्रत्याशी निगहत इकबाल को 30256 वोटो से हरा कर अपनी जीत दर्ज कराई। अर्चना वर्मा को कुल 80740 वोट मिले जबकि नोटा पर 1335 वोट डाले गए। अर्चना वर्मा को समाजवादी पार्टी से टिकट मिलने के बाद नामांकन से एक दिन पहले सपा छोड़ लखनऊ में उप मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री ने अर्चन वर्मा को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करा कर भारतीय जनता पार्टी ने मेयर पद का उम्मीदवार की घोषणा की थी। सहारनपुर नगर निगम में भाजपा के महापौर उम्मीदवार डा. अजय सिंह ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार खतीजा बेगम को 7972 वोटों के अंतर से हराया। नगर निगम मथुरा वृन्दावन के मेयर के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विनोद अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी बसपा के राजा मोहतशिम अहमद को एक लाख से अधिक मतों से पराजित किया। मुरादाबाद में नगर निकाय चुनाव मतगणना में भाजपा प्रत्याशी विनोद अग्रवाल ने 121415 मत प्राप्त कर जीत की हैट्रिक लगाई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी को 3589 वोटों से पराजित किया।

### अवैध हथियारों की ...

व्यक्ति खड़े दिखें। जिनमें एक व्यक्ति के पास पिट्ठू बैग था। दोनों पुलिस की गाड़ियों को देखकर अपने पास खड़ी होण्डा साईन मोटरसाइकिल नम्बर की ग्रे कलर की पर बैठकर भागने का प्रयास करने लगें, जिन्हें हमराह फोर्स की मदद से घेराबन्दी करके पकड़ लिया गया तथा पिट्ठू बैग खोलकर चैक किया तो बैग के अंदर हाथ के बने 315 बोर के 04 देशी कट्टे तथा 08 जिन्दा राउण्ड 315 बोर के रखें मिले, तथा दोनों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनकी कमर मे 02 कट्टे 315 बोर तथा 05 जिन्दा राउण्ड जेब में रखें मिलें, अवैध हथियारों एवं ग्रे कलर की होन्डा साइन मोटरसायकिल को विधिवत जप्त किया। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि उक्त अपराध के संबंध में आरोपियों से गहन पूछताछ की गई तो आरोपियों द्वारा बताया गया कि हथियारों को बेचने के लिये ग्वालियर जा रहे थे। हमारा एक साथी आने वाला था, जिसका हम इन्तजार कर रहे थे, जिसको कुछ दिन पहले कुछ हथियार रखने के लिए दिए थे, जो वह साथ में लाने वाला था, इसके अलावा मेरे घर पर भी कुछ हथियार रखे हुये हैं। आरोपियों द्वारा बताये अनुसार सभी आरोपियों से अलग-अलग स्थानों से 01 फैक्ट्री मेड बन्दूक 315 बोर की 01 फैक्ट्री मेड बन्दूक 12 बोर की, 02 हाथ की बनी बन्दूकें 315 बोर की, 01 हाथ की बनी बन्दूक 12 बोर की, 01 हाथ की बनी अधिया 315 बोर की 01 हाथ की बनी रिवाल्वर, 12 देशी कट्टे हाथ के बने तथा 13 जिन्दा राउण्ड 315 बोर, 02 जिन्दा राउण्ड 12 बोर एवं 01 होण्डा साईन मोटर सायकिल ग्रे कलर को विधिवत जप्त किया गया है। उक्त संबंध में आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिसमें और भी खुलासा होने की संभावना है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मौ निरीक्षक उदयभान यादव, थाना प्रभारी गौहद चौराहा निरीक्षक उपेन्द्र छारी, थाना प्रभारी लहार निरीक्षक वरुण तिवारी, थाना प्रभारी गोरमी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, सायबर सैल प्रभारी उपनिरीक्षक दीपेन्द्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक शिवप्रताप राजावत, उपनिरीक्षक अरविन्द यादव, उपनिरीक्षक अजय यादव, उपनिरीक्षक मदन सिंह, उपनिरीक्षक प्रवेन्द्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह, सुभाष गौतम, प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर, महेश कुमार, राजकुमार, सतेन्द्र यादव, मनोज सिंह, हरपाल सिंह, आरक्षक आनन्द दीक्षित, राहुल यादव, यतेन्द्र सिंह राजावत, हरपाल, अजय यादव, सत्यप्रताप, जितेन्द्र सिंह, अचित्र सिंह, जहीर, ओमवीर, अमित पटेल, दीपक यादव, महिला आरक्षक अंचल जादौन की सराहनीय भूमिका रही है।